भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1125**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

**स्कूलों में खेल कार्यक्रम**

1125. श्री जगदम्बिका पाल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राज्य द्वारा श्रेणीबद्ध प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों में खेल कार्यक्रमों के लिए निर्धारित बजट का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की राज्य-वार, विशेषकर जिला-वार संख्या का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण देश में खेल और खेल-संबंधी शिक्षा के विकास की मुख्य जिम्मेदारी संबंधित राज्य और संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों की है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय केवल उनके प्रयासों में सहायता करता है और प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों में खेल स्पर्धाओं के लिए बजट निर्धारित नहीं करता है।

तथापि, शिक्षा मंत्रालय की समग्र शिक्षा स्कीम के 'खेल और शारीरिक शिक्षा' घटक के अंतर्गत सभी सरकारी स्कूलों में इनडोर और आउटडोर खेलों के लिए खेल उपकरणों हेतु अनुदान का प्रावधान किया गया है। खेल, शारीरिक गतिविधियों, योग, सह पाठ्यक्रम गतिविधियों आदि को प्रोत्साहित करने के लिए खेल और शारीरिक शिक्षा घटक की शुरुआत की गई है। सरकारी स्कूलों को खेल उपकरणों हेतु प्राथमिक विद्यालयों के लिए 5000 रुपये, उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 10,000 रुपये और माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए 25,000 रुपये प्रति वर्ष की दर से अनुदान का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकारी स्कूलों के लिए खेल अनुदान के तहत 729.25 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है। प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के लिए इसका राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेलों में भाग लेने वाले छात्रों का राज्यवार ब्यौरा नहीं रखता है। तथापि, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के अनुसार स्कूल गेम्स फेडरेशन-नेशनल चैंपियनशिप में भागीदारी का ब्यौरा **अनुबंध-II** में संलग्न है। स्कूली छात्रों के संबंध में अतिरिक्त भागीदारी विवरण उनकी वेबसाइट https://www.sgfi.org.in/. पर देखा जा सकता है।

*****

**अनुबंध-I**

**''स्कूलों में खेल कार्यक्रम'' के संबंध में श्री जगदम्बिका पाल, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 02.12.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1125 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| समग्र शिक्षा कार्यक्रम का 'खेल अनुदान' घटक (वित्तीय वर्ष 2024-25) (लाख रु.) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **प्राथमिक** | **माध्यमिक** | **कुल** |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 14.85 | 22.25 | 37.10 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2075.55 | 1663.50 | 3739.05 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 166.30 | 76.00 | 242.30 |
| 4 | असम | 2290.65 | 1055.75 | 3346.40 |
| 5 | बिहार | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1.40 | 23.50 | 24.90 |
| 7 | छत्तीसगढ | 2833.15 | 1172.75 | 4005.90 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 24.40 | 12.50 | 36.90 |
| 9 | दिल्ली | 68.80 | 265.50 | 334.30 |
| 10 | गुजरात | 2617.80 | 477.00 | 3094.80 |
| 11 | हरियाणा | 661.95 | 817.00 | 1478.95 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 715.10 | 739.00 | 1454.10 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 1164.60 | 440.99 | 1605.59 |
| 14 | झारखंड | 2214.25 | 676.50 | 2890.75 |
| 15 | कर्नाटक | 1500.00 | 1359.00 | 2859.00 |
| 16 | केरल | 228.20 | 187.35 | 415.55 |
| 17 | लद्दाख | 52.90 | 31.25 | 84.15 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | लक्षद्वीप | 0.45 | 1.75 | 2.20 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 5400.20 | 2317.75 | 7717.95 |
| 20 | महाराष्ट्र | 729.00 | 0.00 | 729.00 |
| 21 | मणिपुर | 143.00 | 98.25 | 241.25 |
| 22 | मेघालय | 45.00 | 15.50 | 60.50 |
| 23 | मिजोरम | 155.90 | 86.00 | 241.90 |
| 24 | नगालैंड | 112.40 | 73.25 | 185.65 |
| 25 | ओडिशा | 2920.95 | 1477.25 | 4398.20 |
| 26 | पुदुचेरी | 16.35 | 31.00 | 47.35 |
| 27 | पंजाब | 894.80 | 941.75 | 1836.55 |
| 28 | राजस्थान | 3516.10 | 4354.50 | 7870.60 |
| 29 | सिक्किम | 36.15 | 49.45 | 85.60 |
| 30 | तमिलनाडु | 1909.20 | 1563.50 | 3472.70 |
| 31 | तेलंगाना | 1233.50 | 1613.50 | 2847.00 |
| 32 | त्रिपुरा | 215.95 | 239.75 | 455.70 |
| 33 | उत्तराखंड | 821.40 | 549.25 | 1370.65 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 8952.55 | 576.50 | 9529.05 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 3937.35 | 2245.75 | 6183.10 |
| | **कुल** | **47670.15** | **25254.54** | **72924.69** |

****

**अनुबंध-ा।**

**''स्कूलों में खेल कार्यक्रम'' के संबंध में श्री जगदम्बिका पाल, माननीय संसद सदस्य द्वारा दिनांक 02.12.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1125 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| **स्कूल गेम्स फेडरेशन – राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में छात्रों की भागीदारी का विवरण** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **चैंपियनशिप** | **वर्ष** | **कुल प्रतिभागी** | **उत्तर प्रदेश से प्रतिभागी** | **टिप्पणी** |
| राष्ट्रीय चैंपियनशिप | 2023-24 | 54095 | 1246 | सभी स्कूलों के खिलाड़ी शामिल हैं |
| राष्ट्रीय चैंपियनशिप | 2024-25 | 22590 | 665 | 29.11.2024 तक |

****